दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 106 मुरादाबाद 10 August 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## CM योगी काकोरी के शहीदों दी श्रद्धांजलि, बोले- जाति, मजहब के नाम पर बंटे तो कमजोर होंगे



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जब जाति, क्षेत्र, भाषा, मजहब के नाम पर बंटे होंगे तो यह हमारी ताकत को कमजोर करेगा। देश को कमजोर करेगा। बाजनगर स्थित काकोरी स्मृति स्थल पर क्रांतिकारियों श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हम लोग सौभाग्यशाली हैं। 1857 के प्रथम समर की भूमि उत्तर प्रदेश रही है। चाहे वह मंगल पाण्डेय की ओर से जलाई गई क्रांति की चिनगारी हो या झांसी की रानी का उद्घोष कि, मैं झांसी कभी नहीं दूंगी। क्रांति दिवस के मौके पर तिरंगा अभियान की शुरुआत करने के लिए सपा के मुखिया और पूर्व मुख?यमंत्री अखिलेश यादव ने स्वतंत्रता सेनानियों के गांव झौआ का चयन किया है। स्वतंत्रता सेनानियों के गांव के रूप में पहचान रखने वाले इस गांव से मंगलवार को तिरंगा अभियान की शुरुआत करने के साथ ही वह सदस्यता अभियान भी चलाएंगे। यहां रह रहे स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों से मिलकर उन्हें सम्मानित भी करेंगे। यूपी में दसवीं मोहर्रम पर मंगलवार को निकाले जाने वाले ताजिया जुलूसों की सुरक्षा में पुलिस ने पूरी ताकत झोंक दी है। डीजीपी मुख्यालय ने सभी जिलों को अलर्ट करते हुए सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक न होने देने की हिदायत दी है। सभी ताजिया जुलूसों को बॉक्स नुमा सुरक्षा घेरे में कर्बला तक ले जाया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जब जाति, क्षेत्र, भाषा, मजहब के नाम पर बंटे होंगे तो यह हमारी ताकत को कमजोर करेगा। देश को कमजोर करेगा। बाजनगर स्थित काकोरी स्मृति स्थल पर क्रांतिकारियों श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के हम लोग सौभाग्यशाली हैं। 1857 के प्रथम समर की भूमि उत्तर प्रदेश रही है। चाहे वह मंगल पाण्डेय की ओर से जलाई गई क्रांति की चिनगारी हो या झांसी की रानी का उद्घोष कि, मैं झांसी कभी नहीं दूंगी।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 1922 में गोरखपुर की चौरी चौरा घटना हो या नौ अगस्त 1925 को काकोरी का यह क्षेत्र। भूमि उत्तर प्रदेश रही है। जब आजादी के लिए मर मिटने वाले क्रांतिकारियों ने रुपये लूटे थे। राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में यह पूरी घटना हुई। बिस्मिल को गोरखपुर जेल में रखा गया। अन्य सभी क्रांतिकारियों को अलग अलग जेलों में रखा गया लेकिन आजादी के लिए जगी लौ नहीं बुझी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 1857 से प्रारम्भ हुआ समर निरन्तर जारी रहा। अनगिनत अत्याचार किए गए। बावजूद इसके देश के क्रांतिकारियों को विदेशी हुकूमतें नहीं रोक पाईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त को पूरा देश अमृत महोत्सव का साक्षी बनेगा। प्रधानमंत्री ने एक लक्ष्य रखा है कि अभी से 25 वर्ष की योजना बनाएं। जब हम आजादी की 100वीं वर्षगांठ मना रहे होंगे तब भारत कैसा होगा। मुख्यमंत्री ने यहां काकोरी शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि के बाद चित्र और अभिलेख प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को सम्मानित कर उनसे बातचीत की। साथ ही काकोरी पर आधारित डाक टिकट जारी किया गया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर जयघोष एफएम चैनल का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर राष्ट्रभक्ति पर आधारित कथक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम स्थल पर लगी विशालकाय स्क्रीन पर काकोरी घटनाक्रम पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

## भाजपा ने ऐसा कुछ नहीं किया जिससे विवाद पैदा हो, नीतीश के गठबंधन तोड़ने पर बोले केंद्रीय मंत्री



नीतीश कुमार ने बिहार में भाजपा के साथ अपना गठबंधन खत्म कर लिया है। खबर है कि वे मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए आज शाम राज्यपाल से मुलाकात करेंगे। इस बीच भाजपा का कहना है कि उसने ऐसा कुछ भी नहीं किया जिससे विवाद पैदा हुआ हो। केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि भाजपा चाहती है कि नीतीश कुमार बिहार के सीएम बने रहें। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता कौशल किशोर ने मंगलवार को कहा कि पार्टी ने कभी भी दोनों दलों के बीच मुद्दों को भड़काने के लिए कोई पहल शुरू नहीं की। किशोर ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, 卐मैं इस (नीतीश के फैसले) पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन भाजपा ने कभी भी ऐसी कोई पहल नहीं की जिससे विवाद पैदा हुआ हो या अनिश्चितता की स्थिति पैदा हुई हो। जद (यू) अपना फैसला लेगी, लेकिन भाजपा निश्चित रूप से चाहती है कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने रहें। उत्तर प्रदेश के मोहनलालगंज निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा सांसद ने कहा कि उनकी पार्टी चाहती है कि बिहार की मौजूदा एनडीए गठबंधन सरकार कुमार के नेतृत्व में मजबूती से काम करती रहे। किशोर ने कहा, यही बिहार और देश के हित में है। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा में भाजपा के पास 77 , जद (यू) के पास 45, कांग्रेस के 19, सीपीआईएमएल (एल) के नेतृत्व वाले वाम दलों के पास 16 और राजद के पास 79 सीटे हैं।नीतीश कुमार द्वारा एक बड़ा राजनीतिक कदम उठाए जाने संबंधी अटकलों के बीच यहां सत्तारूढ़ जनता दल (यूनाइटेड) और विपक्षी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की समानांतर बैठकें हो रही हैं। पार्टी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि जदयू के सांसदों और विधायकों की बैठक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मौजूदगी में उनके आधिकारिक आवास एक अणे मार्ग पर हो रही है। जदयू से जुड़े सूत्रों के अनुसार, कुमार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगे लेकिन वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मंत्रियों के स्थान पर उन पार्टियों के सदस्यों को मंत्री बनाने की मांग कर सकते हैं, जो उनकी पार्टी को सरकार चलाने के लिए समर्थन देगीं। विपक्षी पार्टी राजद के विधायकों की बैठक पार्टी के नेता तेजस्वी यादव ने अपनी मां एवं पूर्व मुख्यमंत्री राबडी देवी के दस सर्कुलर रोड स्थित आवास पर बुलाई है।

## Muharram के जुलूस के दौरान बरेली में पत्थरबाजी, आरएएफ समेत कई थानों की फोर्स ने संभाला मोर्चा



बरेली- मोहर्रम के जुलूस के दौरान भोजीपुरा के मझुआपुर गांव में पत्थरबाजी हो गई। आरोप है कि मुस्लिमों ने ताजियों के साथ ऊंचे-ऊंचे डीजे लगा रखे थे। इसका दूसरे संप्रदाय के लोगों ने विरोध किया। इस पर विवाद बढ़ गया और पत्थरबाजी शुरू हो गई। सीओ ने लोगों को समझाने की काफी कोशिश की लेकिन, मामला शांत नहीं हुआ। विवाद बढ़ता चला गया। मुस्लिमों ने ताजिया रखकर विरोध शुरू कर दिया। भोजीपुरा क्षेत्र के मझुआपुर गांव में मंगलवार को दसवीं मुहर्रम का जुलूस निकल रहा था। जुलूस में ताजियों के साथ ही काफी ऊंचे डीजे लगाए गए थे। इसका दूसरे संप्रदाय के लोगों ने विरोध किया। कहासुनी से शुरू हुआ विवाद पत्थरबाजी तक पहुंच गई। जुलूस के साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने समझोन का प्रयास किया लेकिन, दोनों पक्षों ने बात न मानी। पत्थरबाजी से अफरा तफरी मच गई। नाराज होकर मुस्लिमों ने ताजिया रखकर विरोध शुरू कर दिया।

बवाल की सूचना पर आरएएफ व भोजीपुरा के साथ ही देवरनिया और इज्जतनगर थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। सीओ लोगों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं।

# 10 मोहर्रम को इमाम हुसैन की शहादत की याद में मुस्लिम शिया समुदाय द्वारा जुलूस निकाला

तक़ी रज़ा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - 10 मोहर्रम की तारीख इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत से मनसूब है जहां 72 साथियों को कर्बला में जालिम बादशाह यज़ीद ने तीन दिन का भूखा प्यासा कत्ल कर दिया यज़ीद जो अपने समय का क्रूर बादशाह था जो अपने जमाने में इस्लाम में फेरबदल करना चाहता था जिसका विरोध रसूल के नवासे इमाम हुसैन ने किया यज़ीद अपने को अपमानित महसूस करने लगा और षड्यंत्र रच कर काजी को दिनार हुकूमत की लालच देकर इमाम हुसैन को बागी बता कर मक्के अरब मैं फतवा निकाल दिया ता के मक्के में इमाम हुसैन को कत्ल कर सके हज के दौरान अपने सिपाहियों को हाजियों के भेष में मक्का भेजा के हज के दौरान इमाम हुसैन मक्का कत्ल कर दे इमाम हुसैन मक्के की अहमियत को जानते थे इसीलिए मक्के से हिंदुस्तान आना चाहते थे लेकिन सिपाहियों द्वारा नाकाबंदी कर इमाम हुसैन को कर्बला में परिवार सहित घेर लिया जहां फिर इमाम हुसैन से यज़ीद के सिपाहियों द्वारा इमाम हुसैन की बच्चों पर पानी बंद कर दिया जिसमें इमाम हुसैन का 6 माह का बच्चा अली



असगर 3 दिन से प्याज की शिद्दत से तड़पने लगा अरब की सर जमीन वह जमीन है जहां चने के दाने को डालने के बाद चना पक जाता उस सरजमीं पर इमाम हुसैन ने अपने 6 माह के बच्चे के लिए पानी मांगा लेकिन यजीद के सिपाहियों ने उस बच्चे को हाथी को मारने वाले तीर से अली असगर का कत्ल कर दो इमाम हुसैन के साथियों को भी कत्ल कर दो परिवार की महिलाओं को बंधक बना लिया इमाम हुसैन की शहादत की याद में मुस्लिम शिया समुदाय के लोग मातम मरसिया जंजीर का मातम करते हैं आज काला इमामबाड़ा अली असगर का ताबूत उठाया जिसमें औरतें बच्चे भी 6 माह के प्यासे बच्चे की याद में अश्क भाती हुई हुए नजर आई जिसके बाद जुलूस कर्बला में जाकर बढ़ाया गया जिसमें अंजुमन है गुलदस्ते हैदरी अंजुमन ऑल इंडिया गुलदस्ते हैदरी अंजुमन शमशीर ए हैदरी नोहाख़्नी की

## 11 को पहनाएंगी बहन भाई को राखी - आचार्य दीपक शास्त्री



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जालौन-रक्षाबंधन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है हालांकि आचार्य दीपक शास्त्री का कहना है कि 11 को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाएगा ज्योतिष आचार्य अपने-अपने अनुमान लगाकर बता रहे हैं श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है परंतु इस बार पूर्णिमा तिथि को लेकर असमंजस बना हुआ है बोल रहे हैं कि 11 तारीख को भद्रा लग रही हैं तो आपको बता दें भद्रा पाताल में हैं जिसका कोई कुप्रभाव पृथ्वी वासियों पर नहीं पड़ेगा। आचार्य दीपक शास्त्री का कहना है इस बार पूर्णिमा तिथि 11 अगस्त दिन बृहस्पतिवार को 10-39 प्रारंभ हो रही है रक्षाबंधन का पावन पर्व 11 दिन बृहस्पतिवार को श्रवण नक्षत्र में मनाया जाएगा।।

## शांति व्यवस्था के साथ संपन्न हुआ मोहर्रम ताजिया का जुलूस



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-थाना क्षेत्र मल्हीपुरपुर के अंतर्गत शान्ति सुरक्षा व्यवस्था के साथ ताजिया जुलूस कार्यबला पर जाकर संपन्न हुआ शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु क्षेत्र में अपर जिलाधिकारी श्रावस्ती ,उप जिला अधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला, प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह मल्हीपुर, क्षेत्राधिकारी अतुल चौबे, के द्वारा बराबर क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है।

और क्षेत्र में बदला चौराहा, नासिर गंज, भेला गांव कथरा माफी, जमुनहा बाजार, गनेशपुर, आदि जगह पर ताजिए के जुलूस को कारबले तक पहुंचा कर संपन्न कराया गया तथा क्षेत्र में उच्च अधिकारी बराबर भ्रमण करते रहे कहीं पर क्षेत्र में किसी प्रकार की अव्यवस्था है घटना की कोई सूचना नही है।

## 11 को निकाली जाएगी हर घर तिरंगा साइकिल रैली

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-आजादी अमृत महोत्सव तथा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत दिनांक 11 /8/2022 को विकासखंड जमुनहा के प्रांगण से सुबह 7-30 बजे पीआरडी विभाग के द्वारा साइकिल रैली निकालकर मल्हीपुर चौराहा से जमुनहा ब्लॉक लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज से होते हुए बीरगंज बाजार से होते हुए

ब्लाक मुख्यालय पर आकर संपन्न होगी यह जानकारी क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी जमुनहा ने जानकारी दिया और बताया कि सभी जवान समय से पहुंचकर हर घर तिरंगा रैली में प्रतिभाग करें और चुस्त-दुरुस्त वर्दी में आए यह कार्यक्रम क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी अतुल कुमार के नेतृत्व में विकासखंड जमुनहा से साइकिल रैली निकालकर जमुनहा ब्लॉक मुख्यालय पर वापस आकर वहीं पर संपन्न होगी। इस मौके पर ब्लॉक कमांडर जमुनहा बाबूराम पाठक ,शिव कुमार वर्मा, लाल बहादुर, बंशीधर यादव, रामकुमार यादव, मूलचंद, शिव कुमार पाठक ,इंदल प्रसाद, ब्लॉक जमुनहा के समस्त युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, प्रांतीय रक्षक दल के जवान रैली में प्रतिभाग करेंगे,

# भाजपा किसान मोर्चा महानगर ने पदयात्रा के साथ निकाली तिरंगा रैली



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

जालौन- भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में महानगर के अंतर्गत ग्राम धनीपुर में मोहन नगर महाराणा प्रताप नगर इंदिरा नगर विश्वनाथपुरम आदि क्षेत्रों में तिरंगा रैली पदयात्रा के साथ निकाली गई भारत माता की जय के नारे लगाए गए यह दो घंटा की पदयात्रा तिरंगा रैली निकाली गई इस रैली में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया भाजपा किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि रैलियां कई आयोजित की जाएंगी यह तिरंगा रैली पूरे देश भर में तिरंगा रैली आयोजित की जा रही है घर घर तिरंगा झंडा भी वितरण किए गए इस रैली में भाजपा किसान मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष तिरंगा रैली के संयोजक चित्र पाल सिंह पंकज सिंह नीरज सिंह रमन सिंह शिव कुमार सिंह ठाकुर गोपाल सिंह रमेश पंडित जी अन्नू सिंह आदि सैकड़ों किसान एवं युवा हर वर्ग का व्यक्ति तिरंगा रैली में शामिल थी

# विवाहता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना मल्हीपुर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत फतेहपुर बनगई कि निवासी विवाहिता 23 वर्षीय सारदा पत्नी राजू ने बीती रात को अपनी कमरे में लगे छत के कुंडे में साड़ी से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी।

थाना मल्हीपुर क्षेत्र के मिर्जापुर गांव के निवासी गुल्ले ने अपनी पुत्री सारदा की शादी ग्राम पंचायत फतेहपुर बनगई के माजरा रघुनाथपुर निवासी राजू पुत्र मोचन के साथ 3 वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज के साथ शादी की थी। दोनो पति पत्नी खुशी से अपनी जिंदगी व्यतीत कर रहे थे। बीती रात को अज्ञात कारणों से संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई इसकी सूचना परिजन द्वारा माइके मे माता पिता को दिया सूचना पाकर मौके घटनास्थल पर पहुंचे और मायके के माता पिता ने जमुनहा पुलिस चौकी को सूचना दिया घटनास्थल पर मल्हीपुर की पुलिस चौकी जमुनहा के प्रभारी कृष्ण गोपाल राय मय हमराही व महिला कांस्टेबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में थाना मल्हीपुर के प्रभारी निरक्षक हर्षवर्धन सिंह से बात करने पर बताया गया कि महिला के शव का पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है पुलिस जांच कर रही है।

## मैनाठेर पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने से नाराज पीड़िता पहुंची एसएसपी कार्यालय लगाई न्याय की गुहार



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- थाना मैनाठेर की निवासी पीड़िता का आरोप है कि दिनांक 5-6-2022 को समय करीब 5ः00 बजे शाम प्रार्थनी अपने घर पर अकेली थी तभी मुलजिमान राजेन्द्र निर्मल , तेजपाल व विनोद पुत्रगण महावीर निवारते ग्राम इमरतपुर ऊधों थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद निवासी जबरन घर में घुस आये और मुझे गन्दी गन्दी गाली देने लगे मैंने जब इस बात का विरोध किया तो इन लोगों ने मुझे दबोच लिया तथा मेरे कपड़े तक फाड़ दिये यह सभी लोग नशे में मेरे घर में घुस आए थे प्रार्थनी के शोर मचाने पर और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए वहीं पीड़िता का आरोप है कि इस बात की शिकायत जब मैंने मैनाठेर पुलिस से की तो पुलिस ने मेरी शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की और उल्टा ही हमें फटकार लगाकर वहां से भगा दिया पीड़िता का आरोप है कि पुलिस आरोपियों से हमसाज हो गई उल्टा ही दूसरे पक्ष की शिकायत पर हमारे परिवार के तीन लोगों के खिलाफ 307 का मुकदमा दर्ज कराया दिया जिसके बाद आज पीड़िता मुरादाबाद एसएसपी कार्यालय पहुंची और और एक शिकायती पत्र देते हुए मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है वही मुरादाबाद एसएसपी हेमंत कुटियाल ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं

## लेडीज क्लब में हमारी महिला संस्था द्वारा विधिवत रूप से स्थापना दिवस मनाया गया





मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- लेडीज क्लब में हमारी महिला संस्था द्वारा विधिवत रूप से स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया 7 कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण भी किया गया एवं सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि हम स्थापना दिवस पर आगे भी वराक्शारोपद् करते रहेंगे । विभिन्न प्रकार के गेमस एवं प्रतियोगिताओं में सभी सदस्यों ने भाग लिया ।सभी ने एक-दूसरे को स्थापना दिवस की बधाई दी एवं फ्रेंडशिप बैंड बांधा एवं संकल्प लिया कि आगे भी हम समाज एवं ग्रुप के लिए कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान केक कटिंग भी किया गया । कार्यक्रम का संचालन मिली सिक्का एवं दिव्या अग्रवाल ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में संजना, सुमिता एवं स्नेहा शर्मा का योगदान रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहा मेहरोत्रा ने की । कार्यक्रम में निधि, नेहा अग्रवाल ,निधि शर्मा, रजनी, पूजा, रूपाली ,रुचि, नेहा अग्रवाल, नेहा गुप्ता , संज्ञा शर्मा ,मानसी ,एकता अनुभा, प्रियंका, पायल अनामिका, रितु आदिति शालिनी नीलम मिश्रा आदि मौजूद रहे ।

# ओपीडी ने रोकी झाड़-फूंक, सात सौ मरीजों की दवा शुरू

अफ़ाक़ हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-मिर्गी के दौरे पड़ने से पीड़ित सैकड़ों मरीज जो अभी तक इलाज के नाम पर झाड़ फूंक कराने को मजबूर थे उनका सही व विधिवत रूप में इलाज शुरू हो गया है। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के सभी सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों) पर मानसिक रोगों की ओपीडी शुरू होने से उन्हें सही इलाज मिल गया।जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में मिर्गी के दौरे से पीड़ित सैकड़ों प्रत्येक मरीज सीएचसी पर मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को आयोजित होने लगी मानसिक रोगों की ओपीडी में पहुंचे। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अस्पताल में संचालित मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ.एस धनंजय ने बताया कि मिर्गी के दौरे का इलाज शुरू कराने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ गई है। मिर्गी के नए मरीजों में बच्चे और कम उम्र के युवाओं की संख्या अधिक दर्ज हुई है।

ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

## मैनाठेर पुलिस द्वारा कार्यवाही न करने से नाराज पीड़िता पहुंची एसएसपी कार्यालय लगाई न्याय की गुहार



अफ़ाक़ हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मोहर्रम निकाले गये मुरादाबाद मै सबसे पैहले कम्बल का तज़िआ उठाया जाता है जोकी मोहल्ला कम्बल के ताजये पर ही बनाया जाता है कम्बल का तज़िआ उठ ने के बाद ही और ताजये उठने शुरू हो जाते है और कम्बल का ताज़िया सब आखिर मै दफन क्या जाता है ताजये मै शामिल रहे

हमारे शैहर इमाम सय्यद मासूम अली और न्याब इमाम सय्यद फाहाद अली, मुरादाबाद पुलिस पिरशसान के अदिकारी एडीम सिटी, एसपी सिटी, मुरादाबाद के ?मपी डॉक्टर एस टी हसन, विधयाक नासिर कुरैशी मौजूद रहे

## ईदगाह रोड पर मोहर्रम के दृष्टिगत शहर अमन कमेटी की टीम पुलिस प्रशासन के साथ रही मुस्तैद



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ईदगाह रोड पर मोहर्रम के दृष्टिगत शहर अमन कमेटी की टीम पुलिस प्रशासन के साथ रही मुस्तैद ईदगाह पर आज शहर अमन कमेटी की टीम द्वारा मोहर्रम के जलूस के मद्देनजर मुस्तैद देखे हुए नजर आ रहे हैं आज विभिन्न इलाकों से निकलने वाले मोहर्रम के जुलूस जिसको लेकर साफ-सफाई व्यवस्था के कड़े इंतजाम नगर निगम प्रशासन द्वारा किए गए हैं मोहर्रम को ताजिए के रूप में बनाकर इलाकों से निकाले जाएंगे जुलूस जिसको लेकर मुरादाबाद जिला प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहा है बही इस मौके पर शहर अमन कमेटी ने प्रशासन के साथ मिलकर इस मोहर्रम के जुलूस को सकुशल निकालने के लिए मुस्तैद देखे जा रहे हैं और सभी से शांति व्यवस्था बनाने की भी अपील कर रहे हैं इस मौके पर शहर अमन कमेटी के टीम के साथ मौके पर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Parcham in the Commonwealth

India's performance in the Commonwealth Games has been as enjoyable as it is encouraging. India's achievements especially in badminton, wrestling, weightlifting matter a lot. Three medals were confirmed in badminton on Sunday itself, but when Indian players got gold medals in all three events, the occasion has become very special. Apart from the gold of PV Sindhu, Lakshya Sen, the pair of Satwik and Chirag Shetty have also proved once again that India is a strong nation in badminton by capturing gold.

PV Sindhu has become India's most respected face in international matches. Almost the same respectable position has become in Mirabai Chanu's weightlifting and Sakshi Malik's wrestling. In this episode, add the name of Nikhat Zareen in boxing and Vinesh Phogat in wrestling, then Indian girls have once again done wonders. The special thing is that this time a new name has been added to it, boxer Neetu Ganghas. All these women players have paved the way forward for Indian sports by winning gold.

It is the power of the girls that India has been able to wave the laurels of honor in the Commonwealth Games, however, this time the performance has not been as good as the previous Commonwealth Games. In the last edition of the Games held in Gold Coast, India finished third with 66 medals including 26 gold.

It should also be remembered here that India had its best performance in the 2010 Commonwealth Games held in New Delhi.

India had moved up to the second position in the medal tally of 2010. Then India had won a total of 101 medals including a record 38 gold. India's performance in Manchester 2002 was also excellent. Then the total of 69 medals included 30 gold. Meaning the Indian Commonwealth contingent should be happy with its performance in this time's Games, but there is no need to be too overwhelmed. Countries like Australia, England, Canada are far behind us in terms of population, but their being far ahead of us in sports, tells a story in itself. Being fourth among the nearly 72 nations involved in the Commonwealth Games is important, but needless to say, such a performance is no longer very favorable to India's size and shape.

While the women's hockey team has won a medal after 16 years, the men's hockey team has been very disappointed against Australia. The 0-7 loss in the match is going to be remembered for a long time. Hockey needs special attention. Not only men's hockey team, women's hockey team has also won gold. Are we not able to play with full strength in the last matches? Are we not able to keep pace with the rapid changes taking place in the world of sports?

Is the level of sports facilities in our country not at the level of Australia, England, Canada or even New Zealand? There is no shortage of money in Indian sports now, so there should be no shortage of sports facilities in India. The medal showers at the Birmingham Games could have been better, but the gaps that remain should be addressed by the government at the earliest.

# Aamir Khan scared of making 'Mahabharat' after watching 'Lal Singh Chaddha' boycott?

## Said- 'Making this film is yagya'

A few years back, there was news about Aamir Khan that he wants to make a film on Mahabharata and is contemplating it for a long time. Aamir had told in many of his inter- views at that time that apart from Krishna, he is very much influenced by Karna. He is confused between Krishna and Karna on which character he wants to play on screen. However, there is no news about the development of this film for a long time. Aamir's 'Laal Singh Chaddha' is going to release in theaters on Friday. During this, Aamir also talked about 'Mahabharata'. What will make 'Mahabharat' - Aamir left the Rakesh Sharma biopic in 2018 for 'Mahabharat'. There was a report that the budget of 'Mahabharata' would be around 1000 crores. Talking to Galatta Plus on this dream project, Aamir said, 'When you are making a film on Mahabharata, you are not just making a film, you are doing a yagya. It is not just a film, it is much more. That's why I'm not ready for it yet. I'm afraid to do it. Mahabharata will never disappoint you but you can disappoint Mahabharata.' Aamir's Dream Project- Aamir had earlier told news agency PTI, 'It is my one wish. It's a huge project. If I decide today that I am making this I will have to give it 20 years so I am scared. If I say yes and decide to make it, then it will take five years just to research and then to complete it. Will clash with Akshay Kumar – Aamir is currently busy promoting Laal Singh Chaddha. There is a continuous boycott trend going on against the film. Apart from Aamir, it stars Kareena Kapoor, Mona Singh and Naga Chaitanya. The film is directed by Advait Chandan. Akshay Kumar's 'Raksha Bandhan' will also release on August 11 along with 'Lal Singh Chaddha'.



# How did Hansika Motwani look so mature at the age of 16? Mother had got such injections!

South Indian cinema's superstar actress Hansika Motwani is celebrating her 31st birthday today (Tuesday). Hansika Motwani started her career as a child artist and became household name through the TV show 'Shaka Laka Boom Boom'. Hansika's work as a child artist was well-liked but after that she disappeared from the screen. Such injections were given to the child artist by the mother! Of. Hansika Motwani saw a lot of change in the audience in a very short time. She was starting to look more mature and curvy than ever before. However, the reason behind this came out after some time which shook everyone. How did Hansika look so mature at the age of 16? Hormonal Injections. According to media reports, Hansika's mother was very serious about her career and she got her daughter injected with hormones so that she could return as a lead actress through Himesh Reshammiya's film 'Aapka Suroor'. The films flopped at the box office. Although her mother's efforts to make Hansika Motwani a successful star did not work because she could not show the magic that any actress dreams of in films. After 'Aapka Surroor', Hansika was seen in the film 'Money Hai To Honey Hai', although this film also got badly beaten at the box office. It is said that on the other hand, Hansika's father got angry with all these things and left his house.



आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# हर बच्चे में आईएएस बसता है-डाइट प्राचार्य

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-पटियाली ( कासगंज )ब्लॉक संसाधन केंद्र पटियाली में खंड शिक्षा अधिकारी अंकित मिश्रा की देखरेख में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण सोमवार से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुरू हो गया है ! जिसके प्रथम दिवस में 100 शिक्षक,शिक्षिकाओं एवं शिक्षा मित्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है बच्चों की मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में प्रवीण करने के लिए एक बृहद राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया गया है इस विशेष प्रशिक्षण में प्रशिक्षण दाता अरविंद यादव,आनंद कुमार,जितेन्द्र कुमार सहित सत्येंद्र शामिल रहे,जानकारी देते हुए संदर्भ दाता सत्येंद्र सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण में निपुणता के बाद शिक्षक अपने विद्यालय के बच्चों को निश्चित तौर पर मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान में निपुण बना देंगे,प्रशिक्षण सुबह 9ः30 बजे से शाम को 5ः00 बजे तक अनवरत एक माह तक चलेगा जिसमें पटियाली ब्लॉक के समस्त शिक्षक,शिक्षिकाओं एवं शिक्षा मित्रों को चार दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने विद्यालयों में कार्य करना है कक्षा 1 से कक्षा 3 तक आधारभूत शिक्षा में संपूर्ण उपलब्धि पाना स्कूली शिक्षा की सर्वोच्च प्राथमिकता है इस प्रशिक्षण का मूल सार बच्चों को समझ के साथ पढ़ना एवं गणित की मौलिक संक्रियाओ को सीखकर कक्षा 3 तक पूर्ण रूप से आधारभूत साक्षरता एवम संख्याज्ञान में पारंगत करना है, जिसको 2025-26 तक प्रत्येक विद्यालय को पूर्ण करना है, इस प्रशिक्षण में पहुंचे डाइट प्राचार्य एटा-कासगंज डॉ0 जितेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक बच्चे में आईएएस बसता है हमें उसको तराशना होगा, बच्चों की नीम को मजबूत करना होगा ताकि बच्चा किसी भी तरह की चुनौती का आसानी से सामना कर सके,इस प्रशिक्षण में सुखबीर सिंह, रतन प्रकाश,मुकेश कुमार,जय प्रमोद, उदयवीर सिंह, जसवीर सिंह,जय प्रकाश, राजीव, अरुण कुमार, वीरेन्द्र दीक्षित, तरन्नुम, ज्योति मौर्य, सचिन,अभिषेक, उमा देवी,सुशीला देवी, मंजू देवी,गौरव देव सहित लगभग सौ शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।.

# अलीगंज में मोहर्रम के पर्व को दृष्टिगत निकाला गया अलम का जुलूस,



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार अग्रवाल एवं एसएसपी उदय शंकर सिंह ने अधिकारियों के साथ कस्बा अलीगंज में पैदल मार्च कर लिया जायजा, जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशन में की गइ

' चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच मुस्तैद रहा, प्रशासन एवं पुलिस बल कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कस्बा अलीगंज में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए लगभग 80 वालंटियर, जिलाधिकारी, एसएसपी ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर ताजिए तैयार कर रहे कारीगरों से वार्ता कर उनकी कार्यकुशलता की सराहना की। इस अवसर पर एसडीएम मानवेंद्र सिंह, क्षेत्राधिकारी राजकुमार सिंह, तहसीलदार राकेश कुमार, नायब तहसीलदार विक्रम सिंह, जुनेद मियां सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# किसानों ने निजी नलकूपों पर जबरदस्ती लगाए गए बिजली मीटर को अतिशीघ्र ना हटाने पर किसानों द्वारा खुद ही उखाड़ कर विभाग में जमा करने का ऐलान किया

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-संयुक्त किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले जनपद एटा के गदनपुर एवं जलेसर तथा मलावन फीडरों सहित सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रत्येक जिला के बिजली घरों पर प्रदर्शन कर किसान, मजदूरों ने मांग की कि सरकार द्वारा आंदोलित किसान संगठनों एस0 के0 एम0 के साथ 09, 10 दिसंबर 2021 को एक समझौता के तहत वायदा किया गया था कि संशोधित विद्युत बिल को रद्द किया जाएगा लेकिन जैसा कि विभिन्न तंत्रो के माध्यम से सूचना मिली है कि वर्तमान सत्र में सरकार इस बिल पास कराना चाहती है जिसे तत्काल रोकने की मांग की गई एवं उक्त पंचायत में विभागीय अधिकारियों के समय से न पहुंचने पर गदनपुर फीडर पर चल रही पंचायत में उपस्थित किसानों ने निर्णय लिया के 15 मिनट के अंदर अगर संबंधित जिम्मेदार अधिकारी ज्ञापन लेने के लिए किसानों के बीच में नहीं आएंगे और स्थानीय समस्याओं का समाधान तत्काल नहीं कराएंगे तो सभी किसान सड़क पर उतरने के लिए बाध्य होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी पंचायत की उक्त घोषणा के पश्चात शासन प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए और तत्काल पंचायत द्वारा दिए गए समय के अंदर ही विद्युत विभाग के एस0 डी0 ओ0 चतुर्थ ज्ञानेश सिंह जी किसानों के बीच में पहुंचकर फीडर की स्थानीय समस्याओं का तत्काल समाधान कराने का आश्वासन दिया एवं संगठन के ज्ञापन को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को भेजने का आश्वासन दिया उक्त प्रदर्शन के अंत में अति शीघ्र समस्याओं का समाधान ना होने पर अधिशासी अभियंता विद्युत अधीक्षण अभियंता के कार्यालय के दिखाओ की घोषणा करने के बाद ज्ञापन सौंपा गया। जूझ रहा है वहीं विद्युत कटौती ने बुरा हाल कर रखा है दोषी विद्युत अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा जाए तथा किसानों को 24 घंटे में निशुल्क विद्युत सप्लाई उपलब्ध कराई जाए, विधुत चेकिंग के नाम पर विभागीय अधिकारी कर्मचारी देवतुल्य उपभोक्ताओं के यहां चोरों जैसा व्यवहार कर रात्रि के समय में लोगों के घरों में नसैनी / सीढ़ी लगाकर घरों में घुसकर अभद्रता कर रहे से तत्काल रोका जाए इसके अतिरिक्त एक दर्जन गांव के किसान मजदूरों के व्यक्तिगत मुद्दों को रखा गया जिसका संतोष जनक आस्वासन मिलने पर प्रदर्शन समाप्त किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से ः- राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल संघर्षी, राष्ट्रीय महासचिव सुरेंद्र शास्त्री, राष्ट्रीय संयोजक संजीव प्रधान, प्रदेश महासचिव रघुवीर सिंह, मंडल अध्यक्ष थान सिंह लोधी, जिलाध्यक्ष पिंकी भैया, जिला उपाध्यक्ष मनदीप यादव, जिला महासचिव शिव शंकर फौजी, निबाजीलाल नेताजी सहित आदि लोग उपस्थित रहे। एवं जलेसर में प्रदेश अध्यक्ष रामकिशन यादव, तहसील अध्यक्ष हरदेव सिंह जाटव, हाकिम सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, संरक्षक बाबूराम वर्मा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

# एक टूटे हुए परिवार का समझौता कराया गया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-सराहनीय कार्य परिवार परामर्श केंद्र एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में महिला थाना कैम्पस स्थित नारी उत्थान केंद्र भवन में संचालित परिवार परामर्श केंद्र एटा में आज दिनाँक 09/08/2022 को एक टूटे हुए परिवार का समझौता कराया गया।

वादी- कोमल चौहान पुत्री स्व0 जितेंद्र सिंह निवासी शांतिनगर थाना कोतवाली नगर एटा। प्रतिवादी - आंसू सोलंकी पुत्र स्व0 परवेंद्र सोलंकी निवासी उपरोक्त जिसको लेकर परिवार परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी । दोनो को काफी अथक प्रयास कर फिर से मिलाया गया। अब पिछली जो गलतियां थी उनको मानकर दोनो साथ रहने को तैयार है। आज की बैठक इंस्पेक्टर बेगराम सिंह काउंसलर निरुपमा वर्मा ,अशोक कुमार , सचेंद्र गुप्ता , ब्रजवाला बाशिष्ठ पुलिस स्टाफ हेड कांस्टेबल मिथलेश, कांस्टेबल पूजा ,धर्मवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पुर्व विधायक सोना देवी बावरी का 1 सप्ताह में कांग्रेस का दूसरा फ्लॉप शो



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रायसिंहनगर- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने प्रत्येक जिले में 75 किलोमीटर आजादी गौरव पदयात्रा निकाली जा रही है द्य श्री गंगानगर जिले की यात्रा की शुरुआत रायसिंहनगर के शहीद बीरबल स्मारक से शहीद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूर्व विधायक सोना देवी बावरी के नेतृत्व में रवाना हुई कांग्रेस द्वारा इस पद यात्रा के लिए रायसिंहनगर, विजयनगर, अनूपगढ़, रामसिंहपुर, जैतसर, घड़साना, रावला, खाजूवाला क्षेत्र के शहरों में गांव से कुल मिलाकर 100से 150 लोग ही जुटा पाना कांग्रेस के लिए 2023 के विधानसभा चुनावों में चिंता का विषय नजर आ रहा है ,कांग्रेस के कार्यक्रमों में लगातार घट रही भीड़ का कारण स्थानीय नेताओं द्वारा कार्यकर्ताओं की अनदेखी को माना जा रहा है, पद यात्रा रायसिंहनगर से निकलते ही कुछ दूरी चलने के बाद अधिकांश पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता वापिस रायसिंहनगर हो लिए और कुछ अपनी अपनी गाड़ियों में पद यात्रा करते दिखाई दिए, केवल 40-50 लोग ही सोना देवी के साथ पैदल चलते नजर आए, पूर्व विधायक सोना देवी बावरी ने बताया कि आज यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गयाद्य दोपहर में बाबा रामदेव के प्रसिद्ध स्थल फौजूवाला में बाबा रामदेव मंदिर पर धोक लगाई ,उसके बाद शाम को गजसिंहपुर पहुंची, वहां पर यात्रा का स्वागत किया गया , यात्रा करणपुर सादुलशहर और गंगानगर विधानसभा से होती हुई 14 अगस्त को श्री गंगानगर पहुंचेगी , पद यात्रा में पंचायत समिति प्रधान सुनीता गोदारा, पंचायत समिति अनूपगढ़ प्रधान प्रतिनिधि गोपाल डागला, पदमपुर कांग्रेस नेता विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के प्रतिनिधि राकेश शर्मा, भूमि विकास बैंक के पूर्व चेयरमैन राकेश ठोलिया ,अनूपगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष भजन कमरा, शिमला नायक, नगरपालिका उपाध्यक्ष हरीश डाबी, भादवावाला सरपंच सोनू सियाग सहारन, लक्खा हाकम सरपंच राधेश्याम मारवाल ,डायरेक्टर प्रतिनिधि दुलीचंद भाम्भू , डायरेक्टर किशोर बारूपाल ,परमिंदर सिंह रोमाणा ,पार्षद सुखदेव बैंस ,हेतराम जयानी ,डायरेक्टर राजेंद्र डारा ,पार्षद श्रवण पारीक,महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कंचन डागला ,महिला सेवा दल जिला अध्यक्ष गोगा देवी नायक, जिला परिषद डायरेक्टर प्रतिनिधि जगतार समरा ,सेवादल से मोहनलाल सिरोहिया, मालसर सरपंच नरसी, डायरेक्टर गुरदीप कौर, जिला परिषद डायरेक्टर दिलीप मेघवाल, भूमि विकास बैंक के चेयरमैन इंद्रजीत रंधावा ,डायरेक्टर हरी सिंह भादू सहित भारी संख्या में सरपंच डायरेक्टर पार्षद और अन्य जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे पदयात्रा गजसिंहपुर में पहुंचने पर कांग्रेस नेता रूबी कुंदर के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत किया गया यात्रा का रात्रि विश्राम गुरुद्वारा सिंह सभा गजसिंहपुर में होगा, कल यात्रा गजसिंहपुर से रवाना होकर 31 बीबी में रात्रि विश्राम होगा

# अंग्रेजों भारत छोड़ो के दिन बीजेपी भगाओ की शुरुआत, बिहार पर अखिलेश यादव का तंज



बिहार में तेजी से बदलते घटनाक्रम के बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधा है। अखिलेश ने बिहार में एनडीए गठबंधन टूटने को बढ़िया शुरुआत कहा है। अखिलेश ने कहा कि अंग्रेजों भारत छोड़ो के नारे वाले दिन बिहार से बीजेपी भगाओ का नारा आ आया। यह अच्छी शुरुआत है। बता दें कि बिहार में बीजेपी-जेडीयू का गठबंधन टूट गया है और नीतीश कुमार ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया है। नीतीश अब महागठबंधन के साथ मिलकर सरकार बना सकते हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि अलग-अलग राज्यों में राजनीतिक पार्टियां और जनता जल्द बीजेपी के खिलाफ खड़ी होगी। अभी तक बीजेपी सरकारों को तोड़ती रही है। विधायकों को खरीद कर सरकारें बनाती रही है। बिहार के लोगों ने बीजेपी को बड़ा सबक सिखाया है। चुनी हुई सरकार को तोड़ने वाली बीजेपी को उसी के अंदाज में बिहार से जवाब मिला है। बिहार में नीतीश कुमार भाजपा का साथ छोड़ने के बाद राजद, कांग्रेस और वाम दलों के साथ मिलकर सरकार बनाएंगे। एनडीए से नीतीश के रिश्ता तोड़ने को 2024 के लोकसभा चुनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। कयास लगाए जा रहे हैं कि नीतीश 2024 में विपक्ष का चेहरा होंगे। फिलहाल बिहार के राजनीतिक घटनाक्रम पर पूरे देश की नजरें हैं।

# स्वामी प्रसाद मौर्य ने दिया था यूपी सचिवालय का स्टिकर, श्रीकांत त्यागी ने पुलिस पूछताछ में किया दावा

नोएडा की ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी में एक महिला के साथ गाली-गलौज और हाथापाई करने के मामले में फरार चले आरोपी गालीबाज नेता श्रीकांत त्यागी को आखिरकार नोएडा पुलिस ने मंगलवार को मेरठ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में श्रीकांत त्यागी ने दावा किया है कि उसकी कार पर लगाने के लिए यूपी सचिवालय का स्टिकर उसे स्वामी प्रसाद मौर्य ने दिया था। नोएडा पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि पुलिस की 12 टीमों ने लगातार पीछा कर आरोपी को धर दबोचा। आलोक सिंह ने बताया कि एक सूचना के आधार पर नोएडा पुलिस ने त्यागी को मेरठ से तड़के गिरफ्तार किया। उसके साथ मौजूद चार अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।पुलिस कमिश्नर ने बताया कि श्रीकांत त्यागी के एक गाड़ी पर %विधायक% का स्टिकर लगा है, उसका कहना है कि यह स्टिकर उसे उसके पुराने राजनीतिक सहयोगी स्वामी प्रसाद मौर्य ने दिया था। हम इस जानकारी की पुष्टि कर रहे हैं। उसके ड्राइवर ने कार की नंबर प्लेट पर यूपी सरकार का चिन्ह पेंट कर दिया था। गैंगस्टर एक्ट के तहत जांच जारी है।पुलिस कमिश्नर ने बताया कि घटना के बाद खुद को बचाने के लिए वह उत्तर प्रदेश से बाहर भी भाग गया था, लेकिन पुलिस टीमें ह्यूमन इंटेलिजेंस, टेक्निकल सर्विलांस और अन्य माध्यमों से उसका पीछा करती रहीं और आज सुबह उसे मेरठ में पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि श्रीकांत त्यागी से गहनता से पूछताछ की जा रही है,

उसे फरार रहने के दौरान किस-किस ने शरण दी इस बात की भी जानकारी हासिल की जा रही है। बता दें कि, पुलिस ने कार्रवाई करते हुए श्रीकांत त्यागी की चार गाड़ियों को सीज किया था। उनमें से एक फॉर्च्यूनर गाड़ी पर विधायक का स्टीकर लगा हुआ मिला था। वहीं एक अन्य गाड़ी की नंबर प्लेट पर यूपी सरकार का लोगो लगा हुआ भी मिला था। इससे पहले नोएडा पुलिस ने त्यागी को फरार घोषित करते हुए उस पर 25 हजार रुपये के इनाम की भी घोषणा की थी, जिसके बाद त्यागी ने गौतमबुद्ध नगर जिले की एक अदालत में सरेंडर करने के लिए एक याचिका दायर की थी। गौरतलब है कि श्रीकांत त्यागी खुद को भाजपा नेता बताता था, लेकिन इस घटना के बाद पार्टी ने उससे पल्ला झाड़ते हुए उसे अपना कार्यकर्ता मानने से इनकार कर दिया था।

# पत्नी से माफी मांगकर सुलह करने आया था पति, गला रेतकर मारने की कोशिश

गोरखपुर में पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराकर मायके में रह रही महिला का गला रेत कर जान से मारने की कोशिश की गई। गला रेतने वाला कोई और नहीं बल्कि महिला का पति ही था। वह पत्नी को समझा-बुझाकर घर ले जाने की बात कहकर ससुराल में रुका था और मौका देखते ही सोमवार की आधी रात पत्नी का गला रेतकर उसे अधमरा कर दिया। इसके बाद उसने भी आत्महत्या करने कोशिश की। पति-पत्नी दोनों को गंभीर अवस्था में मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में महिला के पिता की तहरीर पर उसके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चिलुआताल थाना के फर्टिलाइजर चौकी क्षेत्र स्थित उमरपुर निवासी मेराज ने अपनी बेटी शबा अंसारी की शादी 3 महीने पहले गुलरिहा थाना क्षेत्र स्थित बनगाई गांव के टोला मदरहवा निवासी अब्दुल जब्बार से की थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति-पत्नी के बीच झगड़ा शुरू हो गया। शबा अपने मायके वालों को अक्सर फोन करके दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने की बात बताती। बेटी को प्रताड़ित किए जाने की जानकारी पाकर मेराज उसकी ससुराल पहुंचे। बेटी के ससुराल वालों को समझाया-बुझाया लेकिन बात नहीं बनी। केस दर्ज करा दिया। सोमवार की देर शाम जब्बार ससुराल पहुंचा। उसने अपने ससुर मेराज को बताया कि वह अपनी पत्नी से माफी मांगने आया है। सुलह-समझौता कर वह शबा को अपने साथ घर ले जाना चाहता है। वह रात में ससुराल में ही रुक गया था। रात में किसी बात को लेकर पति-पत्नी में कहासुनी होने लगी। इस दौरान जब्बार ने अपनी पत्नी शबा का गला रेतने लगा। उसकी चीख सुनकर परिवार के लोग दौड़कर कमरे में गए तो उसका शरीर खून से सना हुआ था। दूसरी तरफ जब्बार भी घायल पड़ा था। उसने भी चाकू से अपना गला काट कर जाने देने की कोशिश की थी। इसके बाद घर वालों ने दोनों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। मेराज की तहरीर पर पुलिस ने जब्बार के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जब्बार के परिवारीजनों ने नहीं दी है तहरीर

घायल अब्दुल जब्बार का मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। उसके परिवारजनों ने पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के हालात और वहां मौजूद लोगों की गवाही से मालूम हुआ कि जब्बार ने पत्नी का गला रेता और फिर खुद आत्महत्या करने की कोशिश की। गोरखपुर के एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि मेराज की तहरीर पर आरोपित अब्दुल जब्बार के खिलाफ हत्या के प्रयास व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस अभिरक्षा में उसका इलाज चल रहा है।

### 24 जुलाई को पत्नी ने कराया था दहेज उत्पीड़न का केस

तीन महीने पहले हुई शादी के बाद से ही उत्पीड़न होने पर शबा ने गुलरिहा थाने में पति अब्दुल जब्बार और ससुराल के अन्य सदस्यों के खिलाफ 24 जुलाई को दहेज उत्पीड़न और मारपीट का केस दर्ज कराया था।